संक्षिप्त

पलक ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किये

सुश्री पलक

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे निवासी सुश्री पलक पुत्री कुलदीप खांडल ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड के घोषित परिणाम में सीबीएसई परीक्षा 12 कला वर्ग,(आर्ट्स) में 92 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है। पलक वर्धमान श्रीकल्याण इंटरनेशनल हाथोज जयपुर में अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। मूलरूप से श्रीमाधोपुर की निवासी छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व गुरूजनों को दिया है।

पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

सांभरझील, (निसं)। रैगर समाज के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी राजेश कुमार कचावटिया ने शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष चौथमल दोतानिया, संरक्षक जवरीलाल सबलानिया, उपाध्यक्ष पांचूराम सबलानिया, सचिन मांगीलाल बासीवाल, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल दोतानिया शामिल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में समाज के प्रमुख लोगों की मौजूदगी भी रही। सभी ने निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में और अधिक बेहतर कार्य किए जाने की अपेक्षा की तथा समाज में अब तक दिए गए योगदान के लिए अध्यक्ष चौथमल दोतानिया सहित अनेक का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया गया।

जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा जेल

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा में बीते चार दिन पूर्व एक सिरफिरे युवक द्वारा चाकू से हमला करने के मामले में सोमवार को शाहपुरा थाना पुलिस ने आरोपी मनोज सैनी को शाहपुरा न्यायलय में पेश किया जहाँ पर न्यायाधीश ने आरोपी को जेल भेज दिया। सिरफिरे आरोपी ने शुक्रवार की रात को शाहपुरा कस्बे के अजीतगढ रोड स्थित सरकारी अस्पताल के सामने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर चाकू से हमला कर दिया था जिसमें हमले में गंभीर रूप से घायल मोहन लाल जाट की मौत हो गई थी एवं कई लोग घायल हो गए थे।

अवैध बजरी से भरे पांच वाहन जब्त

निवाई, (निसं)। अवैध बजरी खनन व परिवहन पर निवाई थाना पुलिस व बरोनी थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही करते हुए एक ट्रेलर व 4 ट्रेक्टरों को जब्त किया है व ट्रेलर के चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान राजकीय मॉडल स्कूल की ओर से एक ट्रेलर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रेलर को रुकवाकर चालक से ट्रेलर में भरी हुई बजरी का अनुज्ञा पत्र मांगा। चालक द्वारा अनुज्ञा पत्र उपलब्ध नहीं करवाने पर ट्रेलर को जब्त करके चालक मीठालाल निवासी दादिया थाना बरोनी को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार बरोनी थाना पुलिस ने गांव करीरिया के पास से अवैध बजरी से भरे हुए चार ट्रेक्टर -ट्रॉलियों को जब्त किया है। जब्त वाहनों को थाना परिसर में खडा करवा दिया है।

एस.यू.पी.डब्ल्यू कैंप का शुभारंभ

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में बी.एड प्रथम वर्ष का सात दिवसीय एस.यू.पी.डब्ल्यू कैंप का उदघाटन सोमवार को हुआ। शिविर प्रभारी डॉ.बाबूलाल सैनी एवं अनीता शर्मा के अनुसार शिविर के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा रहें। मुख्यातिथि शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को महिला समाज सेविकाओं पन्नाधाय, लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा और सावित्री बाई फूले के नाम पर चार दलों में विभाजित किया। धर्मपाल वर्मा, सतीश कुमार तोमर, बहादुर सिंह महला,भागीरथ प्रसाद शर्मा को दल प्रभारी एवं चित्रा वर्मा,अलका शर्मा, निकिता कुमावत, कृष्णा सैनी, प्रियंका चौधरी, प्रियंका मंडीवाल, सुनीता घठाला और सोनाली सैनी को नायिका एवं उप-नायिका के रूप में चयन किया गया। प्रथम सत्र में छात्राध्यापिकाओं द्वारा कैंप स्थल की साफ सफाई एवं पेड पौधों की निराई, गुडाई करके पानी डाला गया। द्वितीय सत्र में प्रवक्ता भागीरथ प्रसाद शर्मा द्वारा घरेलू विद्युत उपयोग में आने वाली छोटी-छोटी समस्याओं की जानकारी करवाते हुए उनका समाधान बताया। अंत में छात्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

टैंकरों से की जाने वाली वाली सप्लाई की जीपीएस से मॉनिटरिंग कराए : कलेक्टर

- अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करें, कोताही बरतने वाले नहीं होंगे बर्दाश्त : कलेक्टर

बैठक में एडीएम सुरेंद्र सिंह यादव सहित पुलिस, फॉरेस्ट एवं खनन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने अवैध खनन पर पूर्णता अंकुश लगाए जाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में वन एवं पुलिस की संयुक्त चौकी स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव सहित पुलिस, फॉरेस्ट एवं खनन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने अवैध खनन को गंभीरता से लेते हुए वन, पुलिस एवं खनन विभाग को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अवैध खनन निर्गमन भंडारण के विरुद्ध अभी तक की गई एफआईआर एवं प्रत्येक एफआईआर की स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली और अनावश्यक देरी न करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ जिला कलेक्टर ने पुलिस अधिकारियों को अवैध खनन के प्रकरणों को थाने में दर्ज करने में कोई कोताही नहीं बरतने व त्वरित कारवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला वन अधिकारी की ओर से दिए गए सुझाव को ध्यान में रखकर अवैध खनन को रोकने के लिए गूगल मैप पर अंकित सभी खनन प्लाटों की समीक्षा कर उनके आसपास हो रहे अवैध खनन को रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों को कहा जिलेभर में खनन कार्य नियमों के अनुरूप हो और अवैध खनन पर कडी निगरानी रखते हुए कारवाई करें जिससे जिले भर में अवैध खनन पर अंकुश लगे सके। जिला कलेक्टर पुलिस एवं वन विभाग को संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर संयुक्त चौकी स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव सहित सभी ब्लॉक अभियंताओं की बैठक ली और जिलेभर में की जा रही पानी की आपूर्ति की समीक्षा करते हुए टैंकरों से की जाने वाली पानी सप्लाई की जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्यों को समय अवधि में पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत 163 ग्रामों को 100 प्रतिशत जल कनेक्शन जारी कर पेयजल से लाभान्वित किया जा चुका है। जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 130692 जल कनेक्शन में 74542 जल कनेक्शन एवं 1086 स्कूल में से 1038 स्कूलों में जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर पेयजल से लाभान्वित किया जा चुका है। 754 आंगनबाड़ी केंद्र में से 628 आंगनबाड़ी केंद्र पर जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष रहे कनेक्शन को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षण सामग्री देने का निर्णय

- डॉ.बीआर अंबेड़कर चेतना समिति की बैठक
- उत्कृष्ट सेवा देने पर कन्हैयालाल व मांगीलाल बासीवाल को सम्मानित किया

सांभरझील, (निसं)। अंबेडकर भवन में डॉ.बीआर अंबेडकर चेतना समिति के अध्यक्ष विनोद दुलारिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति द्वारा अनाथ बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित करने के लिए पांच सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया।

इसमें जगदीश प्रसाद सांभरिया, प्रताप चंद बासीवाल, दिनेश चंद गोठवाल, दिनेश बंजारा, अभिलाष तंबोलिया को शामिल किया गया। इसी प्रकार आगामी बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव पर 23 मई को देवयानी सरोवर मेले में समिति द्वारा मिनरल वाटर की स्टाल लगाकर लोगों की सेवा करने का निर्णय भी लिया गया। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर कन्हैयालाल दोतानिया व मांगीलाल बासीवाल को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं बाबा साहेब की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समिति मुख्य संरक्षक प्रोफेसर डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रताप चंद बासीवाल, जगदीश प्रसाद सांभरिया , प्रभु दयाल उज्जैनिया, नानक राम गेहनोलिया, नंदकिशोर सांभरिया, गोपाल लाल नोगिया, मांगीलाल बासीवाल, कन्हैयालाल दोतानिया, दीनदयाल सबलानिया, शिवराम गेहनोलिया, सुनील बासीवाल, गौतम कुमार गेहनोलिया, प्रदीप गेहनोलिया, राजेश कुमार कचावटिया, रमेश कुमार बासीवाल, कामेश नोगिया, मनीष कुमार नोगिया, दिनेश चंद गोठवाल, सूरज कुमार सबलानिया, निहाल सबलानिया, दिनेश बंजारा, दिनेश कुमार गेहनोलिया, भंवरलाल बासीवाल, चुन्नीलाल सबलानिया, नरेंद्र गेहनोलिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

अवैध जल कनेक्शन करने वालों पर हो कानूनी कार्यवाही : कलेक्टर

- कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक

कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक ली। कलेक्टर ने जलदाय विभाग को निर्देश दिये कि गर्मी के मद्देनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित व पर्याप्त जलापूर्ति के इंतजाम रखें।

गर्मी में हीट वेव को देखते हुए चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन अलर्ट रहे। जिला कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति को नियमित तथा पर्याप्त रखने के निर्देश दिये। जलदाय विभाग शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति रखें। जलापूर्ति नियमित अंतराल से की जायें। विभाग अवैध कनेक्शनों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करें। इसके लिए प्रशासन को साथ लेकर कार्यवाही की जायें। कंटीजेंसी प्लान के तहत टैंकरों से जलापूर्ति करवाई जायें साथ ही एक बार अवैध कनेक्शन कट जाने के बाद यदि पुनः अवैध कनेक्शन किया जाता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि वह पीएचइडी के साथ समन्वय करके प्रत्येक सप्ताह मिटिंग करें। इसी तरह उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायें। सम्पर्क पोर्टल के प्रकरणों का भी जल्द निस्तारण किया जायें। उन्होंने चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि हीट वेव को देखते हुए अलर्ट रहें। चिकित्सा विभाग सभी स्तर के अस्पतालों में विशेष इंतजाम रखे, नियमित एडवाइजरी जारी करें। मनरेगा व अन्य कार्य स्थलों पर छाया-पानी के विशेष इंतजाम रहें।

चिकित्सा विभाग मौसमी बीमारियों से बचाव का भी विशेष इंतजाम रखे। सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभाग अपने कामों की गति बढ़ायें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग में आ रही समस्याओं को डीओ लेटर के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को अवगत कराने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान सभी जगह पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने पशु-पक्षियों के लिए परिंडे व खेलियों की व्यवस्था करने के कार्य की सराहना की। साथ ही परिंडो व खेलियों में नियमित रूप से जल प्रबंधन के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को परिषद क्षेत्र में भ्रमण कर साफ सफा व्यवस्था, नगर के सौंदर्यीकरण, सीवरेज लाईन सहित विभिन्न समस्याओं की एक वस्तुस्थिति रिपोर्ट तैयार कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा और शहर में अनावश्यक डिवाइडर हटाने की हिदायत भी दी। बैठक में एडीएम योगेश कुमार डागुर, एसी ओ रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधिशाषी अभियंता मनोज गुप्ता, पीएचइडी के अधिशाषी अभियंता आनंद मीना, ट्रेजरी ऑफि सर अशोक कुमार वर्मा, डीओआईटी के उपनिदेशक सुनील मीणा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर पौण्ड में गिरा, किसान की मौत

- मृतक खेत पर बने पौंड में जमा मिट्टी को ट्रैक्टर से बाहर निकाल रहा था

पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

निवाई, (निसं)। गांव मूण्डिया में खेत पर काम करते एक किसान की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत समिति सदस्य मुरलीधर मीणा मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की सहायता से किसान को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में लाया गया। ग्रामीणों ने सदर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर सदर थाने के एएसआई बिरधीचंद राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सकों ने श्योजीराम प्रजापत पुत्र ग्यारसीलाल प्रजापत को मृत घोषित कर दिया। एएसआई बिरधीचंद ने बताया कि श्योजीराम प्रजापत पुत्र ग्यारसा प्रजापत उम्र 60 वर्ष अपने खेत पर बने फार्म पौंड में जमा मिट्टी को ट्रेक्टर से बाहर निकाल रहा था। इस दौरान संतुलन बिगडने से ट्रेक्टर फार्म पौण्ड में गिर गया जिससे किसान ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत हो गई। दोपहर करीब पौने तीन बजे परिवार की महिलाएं खेतों की ओर गई तो उनको श्योजीराम ट्रैक्टर के नीचे दबा हुआ दिखाई दिया। महिलाओं ने इसकी सूचना परिवारजनों को दी। घटना से गांव में शोक की लहर दौड गई एवं घर में कोहराम मच गया। मृतक किसान के तीन पुत्र और एक पुत्री है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे से होकर गुजर रहे गोपालपुरा रोड के ग्राम खरकडी मार्ग पर निर्माणाधीन खेल स्टेडियम के पास बबूल की झाडिय़ों में सोमवार तडक़े अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार सुबह मौके पर शौच के लिये पहुँचे किसी ग्रामीण ने शव पडे होने की सूचना लोगों को दी। जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर एसएचओ राजेश शर्मा मय पुलिस जाप्ते के पहुंच गये। घटना की सूचना पर एएसपी नेमसिंह, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक भी पहुँचे। प्राथमिक जाँच में महिला का शव करीब दो से तीन दिन पुराना, उम्र करीब 30 वर्ष एवं नीले रंग का सूट पहना हुआ था। महिला के हाथ पर काला धागा बंधा होने के साथ-साथ अंग्रेजी में पूजा भी लिखा हुआ था। मामले की सूचना पर कोटपूतली-बहरोड एसपी वंदिता राणा ने पुलिस मुख्यालय को सूचित कर एफएसएल टीम व डॉग स्कवॉयड को भी भेजा। अलवर से आई दोनों टीमों ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किये।

फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया है। बताया जा रहा है कि मृतका को एक युवक के साथ हाल ही में गोपालपुरा रोड पर देखा गया था।

घटना स्थल के आसपास पुलिस द्वारा खंगाले गये सीसीटीवी फुटेज में भी इसकी पुष्टी हुई है। सूचना के अनुसार महिला के साथ मौजूद युवक किसी किराये के कमरे की तलाश में था। फिलहाल पुलिस अपने स्तर पर महिला का सुराग लगाने में जुटी हुई है। इसकी जानकारी विभिन्न जिला पुलिस को भी दी गई है। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। लेकिन फुटेज के आधार पर जाँच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार प्रथम दृष्टया महिला की हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। सम्भवतया: किसी अन्य जगह पर महिला की हत्या कर शव मौके पर डाल दिया गया है।

खैरथल में रेलवे फाटक के दोनों ओर सड़क पर गड्ढे बने मुसीबत, दुर्घटनाओं को दे रहे निमंत्रण

खैरथल, (निसं)। कलेक्टर कार्यालय से थोड़ी ही दूरी पर खैरथल शहर का रेलवे फाटक सडक के दोनों और बडे-बडे गड्ढे व शहर में सड़क के दोनों और दुकानों के बाहर खडे ठेली रैडी वाहन आमजन के लिए कोढ़ में खाज का काम किए हुए हैं। अक्सर रेलवे फाटक व मुख्य सडक मार्ग पर रहने वाली यातायात जाम की स्थिति से अधिकारी जनप्रतिनिधि सब वाकिफ हैं लेकिन समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं करता। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान तो चला परंतु अतिक्रमण वही का वही जमा है।

शहर के मध्य स्थित रेलवे फाटक और रेलवे अंडरपास यातायात व्यवस्था के अत्यधिक दबाव को सहन करने के लिए नाकाफी है उसमें भी हर रोज लगभग 85 ट्रेनों को पास करने के लिए रेलवे फाटक को बार बार बन्द करने के समय हालात ऐसे बन जाते हैं कि एक बार फाटक खोला तो दूसरी ट्रेन को पास करने के लिए बन्द करने में गेटमैन के पसीने छूट जाते हैं। कई बार तो रेलवे ट्रैक पर वाहनों के आपस में उलझे होने से फाटक को बंद करने के लिए पुलिस जाप्ता बुलाने की नौबत आ जाती है। इस रेलवे फाटक से किसानों की फसल के भरे हुए ट्रैक्टर बडी तादाद में निकलते हैं और आए दिन गड्ढों में ट्रैक्टर के हुक टूटने से फस जातें हैं बाद में क्रेन बुलाकर ट्रैक्टर निकालने पडते हैं।

जब तक फाटक बन्द हो तब तक ट्रेनों को आउटर सिग्नल पर खडे रहने के हालात भी अनेकों बार देखने को मिले हैं। शहर में सबसे ज्यादा जाम अग्रसेन सर्किल से झूलेलाल मंदिर तक रहता है किन्तु प्रशासन ने कभी इसके कारणों का पता लगाने की जरूरत ही नहीं समझी। अग्रसेन सर्किल के इर्द-गिर्द रोडवेज और निजी बसों के अतिरिक्त डग्गामार वाहनों की भरमार के बीच खोमचे वाले, फ़ल फ्रूट वाले आदि वेंडरों की ठेलियों के जमे रहने के अलावा अधिकांश दुकानदारों द्वारा अपने आगे सब्जी इत्यादि की तख्त लगा कर मोटे किराये पर चलाने से मछली बाजार जैसे दृश्य कभी भी देखा जा सकता है।

जबकि यहां से रेलवे स्टेशन, जयपुर, अलवर, ततारपुर व घाटला पडीसल की तरफ जाने वाले रोड है और लगभग एक दर्जन निजी विद्यालयों को यहीं से होकर जाना आना होता है और इसी सर्किल पर शहर की सबसे बडी धर्मशाला व तीन बैंक भी है। इस सर्किल से शुरू होने वाले बाजार में दुकानदारों द्वारा डिस्प्ले कर दुकानों के आगे सड़क पर रखा सामान, अस्त व्यस्त दुपहिया और चौपहिया वाहनों की पार्किंग के जाम लगा रहता है। महावर भवन (धर्मशाला) में कोई विवाह आदि समारोह होने पर इतनी बुरी तरह से वाहनों को पार्किंग किया जाता है कि जाम में फंसे वाहन चालक कराहने लगते हैं पास में ही दो तीन बैंक होने से वहां भी जाम की स्थिति बनी रहती है।

उधर किशनगढ़ रोड पर स्थित सब्जी मंडी के बाहर सुबह से घंटों तक माल उतारते भरते ट्रक, पिकअप, रिक्शे और रेहड़ियों के कारण और दस बजे से तीन बजे तक बैंक के बाहर अस्त व्यस्त दुपहिया वाहनों की पार्किंग, खोमचे, फ़ल फ्रूट ठेलियों के कारण जाम लगा रहता है। लगभग यही हालत चालीस फुटा रोड पर रहती है तो हेमू कालाणी चौक से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर दुकानदारों ने दस दस फीट तक सामान को सडक पर फैला कर डिस्प्ले किया हुआ है। रोडवेज बसों के लिए कोई बस स्टैंड नहीं होने से सड़क किनारे खडी करने, वहीं पर बस को घुमाने से जाम लगा रहता है।

रेलवे फाटक पर जाम के साथ एक और बडी समस्या यह है कि फाटक के एक छोर से दूसरे छोर तक सडक पर बने गड्ढे जो हमेशा दुर्घटना को न्यौता देते हैं। ओवर लोड भरकर निकलने वहां कब पलट जाए इसका किसी को नहीं पता। यह गड्ढे पैदल निकलने वाले राहगीरों के लिए कोढ़ में खाज काम कर रहे हैं। इन गड्ढों के कारण वाहनों के कमानी पटे अक्सर टूटते रहते हैं। ओवरलोड ट्रेक्टर ट्राली का हुक इन्हीं गड्ढों के कारण टूट ता है और दो घंटे की मशक्कत के बाद क्रैन की मदद से ट्राली को हटा कर मार्ग प्रशस्त किया जाता है।

सार-समाचार

पक्षियों के लिये बांधे परिंडे

टोंक, (निसं)। गर्मी के मौसम में दाने-पानी से व्याकुल पक्षियों की पीडा को समझते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल परिंडे बांधने के लिए आगे आए। इसी के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला कलेक्टर एवं जिला प्रमुख ने पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने को लेकर परिंडे बांधे एवं उनमे पानी डाला और कार्यालय के कार्मिकों को परिंडों की नियमित साफ-सफाई एवं इनमें प्रतिदिन दाना-पानी डालने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडवोकेट नरेश बंसल, पार्षद बीना जैन छामुनिया, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस समेत कलेक्ट्रेट एवं जिला परिषद के विभिन्न कार्मिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रकाश राजपुरोहित ने अति.पद संभाला

दूदू, (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दूदू के पद पर प्रकाश राजपुरोहित ने सोमवार को अतिरिक्त कार्य भार ग्रहण कर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आम जन से जुडे रोजमर्रा के कार्यों पर त्वरित कार्यवाही करने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुरोहित ने सभी अधिकारियों से विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन एवं अंतर विभागीय विषयों तथा दूदू से सांभर रोड के कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने प्रशासनिक व विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल, जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन, नगर परिषद आयुक्त शिकेश कांकरिया, विकास अधिकारी महेश सिंह, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार, तहसीलदार मदन परमार, शाहिद जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सीबीएसई बोर्ड में लहराया परचम

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा कस्बे में संचालित एम. एम. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराया तथा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में विद्यालय में कॉमर्स विषय में आदित्य बंसल प्रागपुरा निवासी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही विज्ञान विषय में निशा शेखावत 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 10 में छात्रा कोमल मेहता ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कस्बे का नाम रोशन किया व द्वितीय स्थान पर आर्यन गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। तृतीय स्थान पर कुमकुम यादव ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस पर विद्यालय चेयरमैन मनोज मित्तल ने सभी अध्यापकगण सहित छात्र छात्राओं का हौसला अफजाई किया। विद्यालय निदेशक प्रबंध महोदय अखिलेश्वर मिश्रा ने मिठाई खिलाकर सभी छात्र छात्राओं को इसी प्रकार नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

सड़कों का कार्य पूर्ण कराने की मांग

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सडकों के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करवाने को लेकर सोमवार को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में मुख्यमंत्री सडक योजनान्तर्गत चौमूं रावण गेट से अंडरपास तक स्वीकृत सडक के निर्माण कार्य को तत्काल शुरू करवाने के लिए लिखा। उक्त सडक पर यातायात दबाव अधिक होने से आये दिन दुर्घटनाएँ और ट्रेफ़िक जाम की स्थिति बनी रहती है साथ ही उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों कालाडेरा, विमलपुरा, धिनोई, मंडा भिडा, आष्टीकला, आलीसर, नांगल गोविंद, ढोढसर, सिंगोदकलाँ, सिंगोदखुर्द, धोबलाई, इटावाभोपजी, उदयपुरिया, कुशलपुरा, फतेहपुरा आदि में स्वीकृत सडकों का कार्य बंद होने के कारण ग्रामवासियों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी से दूरभाष से वार्ता कर क्षेत्र की स्वीकृत सडकों का कार्य अविलंब पूर्ण करवाने के लिए कहा। जिस पर मंत्री ने जल्द ही कार्य प्रारंभ करवाने की बात कही।

उपखंड स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक

टोंक, (निसं)। उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने सोमवार को अपने कक्ष में उपखंड स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसडीएम सैनी ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागवार प्रगति रिपोर्ट के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल एवं सतर्कता तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रकरणों का तय समयावधि में नियमानुसार निस्तारण करें, जिससे आमजन को तत्काल राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली एवं पानी की समस्या के समाधान के लिए जेवीवीएनएल व पीएचईडी तथा आरयूआईडीपी के अधिकारियों को लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए कहा। इसके साथ ही, उन्होंने हरित टोंक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों एवं आमजनों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में टोंक तहसीलदार रामधन गुर्जर, विकास अधिकारी सविता राठौड एसीबीईओं टोंक समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

निवाई, (निसं)। शहर के वार्ड नम्बर 11 व 12 के वार्ड वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पानी सप्लाई के समय विद्युत कटौती करवाने की मांग की है।

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

क्रमांक-78 **आवश्यक सूचना** दिनांक-30.04.2024

मूलतः श्रीमती मधुबाला गौड द्वारा पंजीकरण संख्या RHB/042854 के द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना पंजीकरण वर्ष 2021 मे अल्प आय वर्ग का फ्लैट आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया गया था। मण्डल द्वारा उक्त पंजीकरण के आधार पर फ्लेट संख्या 14/08 FF अरावली विहार योजना, भिवाडी मे आवंटित किया गया है। श्रीमती मधुबाला गौड की मृत्यु दिनांक 29.11.2023 को हो चुकी है।

श्री चेतन्य कुमार गौड ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्रीमती मधुबाला गौड की मृत्यु का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसानो के घोषणा पत्र एवं अन्य वांछित प्रपत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि इनकी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 29.11.2023 को हो जाने के कारण उपरोक्त फ्लेट संख्या 14/08 FF अरावली विहार, भिवाडी का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तान्तरण उनके नाम किया जाये।

अत जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त फ्लेट संख्या 14/08 FF अरावली विहार, भिवाडी के संबंध मे पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एव आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस मे आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी मे अपना एतराज लिखित मे प्रस्तुत करें अन्यथा श्री चेतन्य कुमार गौड पुत्र श्री रमेश कुमार गौड के पक्ष में उपरोक्त फ्लेट संख्या 14/08 FF अरावली विहार, भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तान्तरण किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड भिवाडी

कार्यालय नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)

नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106 राज.

फोन-01421-294619, Email: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com, Website: www.Paotapragpura.com

क्रमांक-न.पा.पाव.प्रा./2024-25/0077 दिनांक-13.05.2024

आपत्ती आमंत्रण सूचना

निम्न आवेदकों ने नगरपालिका कार्यालय मे आवासीय भूखण्ड निर्माण स्वीकृति पत्रावली पालिका कार्यालय मे प्रस्तुत की है उक्त पत्रावलियों में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावलयों पे अग्रिम कार